दिल्ली जल बोर्ड, दिल्ली सरकार
कार्यालय : सहायक आयुक्त(श्र.क.)
वरूणालय बी बिल्डिंग, करोल बाग,
नई दिल्ली–110005.
E.Mail.I.D.lwodjb@gmail.com
दूरभाष संख्या – 23678380–81–82 Extn.-253, 254

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

पत्र कमांक : दिजबो / स.अ.(श्र.क.) / 2022 / डी– 44023 दिनॉक : 21/7/2022

परिपत्र

प्रत्येक माह की आखिरी तारीख को दिल्ली जल बोर्ड से सेवा निवृत हो रहे कर्मचारियों/अधिकारियो को दिल्ली जल बोर्ड के श्रम कल्याण विभाग द्वारा वरुणालय फेस- II के मुख्यालय परिसर के मुख्य हाल में अभिनन्दन समारोह का आयोजन किया जाता है | समारोह में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, सदस्य (प्रशासन), निदेशक (प्रा० एवं का०) महोदय व सभी उच्चाधिकारी और सभी विभागाध्यक्ष जिनके अधीनस्थ कर्मचारी/ अधिकारी कार्यरत होते है उनके द्वारा उनको सेवा निवृत्त किया जाता है तथा उनके सभी लाभांश व स्मृति-चिन्ह दिए जाते है |

लेकिन उच्च अधिकारीयों द्वारा यह देखा गया है कि जिस माह दिल्ली जल बोर्ड से सेवा निवृत होने वाले कर्मचारियों की संख्या अधिक होती है और साथ ही उनके संबंधियों व कैमरामैन की संख्या भी अधिक हो जाती है इस कारण समारोह स्थल पर अव्यवस्था का माहौल उत्पन्न हो जाता है |

उपरोक्त को देखते हुए सभी विभागाध्यक्षों को यह निर्देश दिया जाता है कि संबंधित विभागाध्यक्ष अपने कार्यालय से विदा होने वाले कर्मचारियों/अधिकारीयों से यह अनुरोध करें कि जब कर्मचारी/अधिकारी वरुणालय फेस- II मुख्यालय के सभागार में विदाई समारोह में शामिल होने के लिए जाए तो अपने साथ एक से अधिक व्यक्ति को साथ लेकर न जाए | ताकि समारोह में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न न हो | विभाग द्वारा कैमरामैन की व्यवस्था की जाएगी कर्मचारी श्रम कल्याण विभाग से सॉफ्ट कॉपी प्राप्त कर सकेंगे | अतः निजी कैमरामैन को प्रविष्टि नहीं दी जाएगी |

कृपया सभी कर्मचारियों को अवगत कराएँ |

वीरेन्द्र सिंह

(वीरेन्द्र सिंह)
सहायक आयुक्त (श्रम कल्याण)

सभी विभागाध्यक्ष

प्रति कृपया सूचनार्थ :–

1. अध्यक्ष / उपाध्यक्ष, दिल्ली जल बोर्ड
2. मुख्य कार्यकारी अधिकारी के निजी सचिव
3. सदस्य (प्रशासन) / सदस्य (वित्त) / सदस्य (जलापूर्ति) / सदस्य (ड्रेनेज)
4. अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी / सचिव, दिल्ली जल बोर्ड
5. निदेशक (प्रशासन एवं कार्मिक) / निदेशक (राजस्व) / निदेशक (वित्त एवं लेखा) / निदेशक (सतर्कता) / निदेशक (प्रवर्तन)
6. सभी मुख्य अभियंता
7. प्रशासनिक अधिकारी (जन सम्पर्क)– वरूण पत्रिका में प्रकाशनार्थ
8. सभी यूनियनें ।
9. ई.ई (ई.डी.पी.) कृपया दिल्ली जल बोर्ड की वेबसाइट पर डाले |

वीरेन्द्र सिंह

सहायक आयुक्त (श्रम कल्याण)

... Chief Engineer (Project)-I
EDP Cell, Delhi Jal Board, GNCTD
Dy. No. 2369 dt 25-07-2022

EE/EDP Prog-I

25-07-22
Ashok Kumar
Executive Engineer (EDP)